पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मोबाइल कैंसर डिटेक्शन बस का लोकार्पण किया

कैंसर रोगी की सेवा ईश्वर सेवा - राज्यपाल

लखनऊः 18 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित मोबाइल कैंसर डिटेक्शन बस का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, लखनऊ के पदाधिकारियों सहित राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर तथा अन्य लोग भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बस के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कैंसर रोग तेजी से फैल रहा है। उत्तर प्रदेश बड़ा प्रदेश है, ऐसे में मोबाइल कैंसर जांच वाहन के माध्यम से कैंसर रोग की रोकथाम में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान के माध्यम से कैंसर रोग के उपचार में बहुत प्रगति हुई है। कैंसर रोगी में आत्मविश्वास जगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगी की सेवा ईश्वर सेवा जैसी है।

श्री नाईक ने कहा कि 20 वर्ष पहले उनको भी कैंसर हुआ था पर उन्होंने विदेश में इलाज न कराकर देश में इलाज कराया और वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। शहरों के लोग जागरूक होते हैं। हमें ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि तीन करोड़ की लागत से निर्मित इस मोबाइल बस सेवा से ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जांच के लिये इसमें महिला डाक्टर का होना अनिवार्य है। उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभाग करने पर मारवाड़ी समाज की सराहना भी की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर बस का अवलोकन किया तथा उसके कार्य करने की रूपरेखा के बारे में भी जानकारी ली।

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा बताया गया कि यह वाहन आधुनिक मशीनों से सुसज्जित है और जांच के बाद कैंसर रोग के बारे में शीघ्रता से पता चल सकता है। उन्होंने बताया की कैंसर पीड़ित मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा दिलाने के लिये लीलावती अस्पताल, मुम्बई से उनका सीधा जुड़ाव है।

MOBILE